RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बर:- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com | editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्ष: 13 | अंक: 282 | जयपुर, रविवार, 15 नवम्बर 2026 | मूल्य: 2.00 रूपए | पृष्ठ : 4



पाकिस्तान को रौंदकर भारतीय युवाओं ने नौवीं बार जीता अंडर-19 एशिया कप

आखिरी गेंद पर चौका जड़कर मोहित ने दिलाया खिताब, 338 रन का लक्ष्य हासिल कर एक विकेट से जीता फाइनल

● नई दिल्ली

भारतीय अंडर-19 टीम ने रोमांचक फाइनल में पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर एशिया कप का खिताब जीत लिया। शनिवार को अल अमीरात में खेले गए मुकाबले में भारत ने 338 रन का लक्ष्य आखिरी गेंद पर हासिल किया।

नंबर-10 पर बल्लेबाजी करने उतरे मोहित उल्वा ने अंतिम गेंद पर चौका जडक़र टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ भारत ने नौवीं बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम एक समय मुश्किल में थी। 42वें ओवर में 252 रन पर आठ विकेट गिर चुके थे और आखिरी 51 गेंदों में जीत के लिए 86 रन बनाने थे। ऐसे में मनल चौहान और मोहित उल्वा ने नौवें विकेट के लिए 57 रन की अहम साझेदारी कर मुकाबले का रुख बदल दिया। मनल ने 32 गेंदों पर 47 रन बनाए, जबकि मोहित ने 26 गेंदों पर नाबाद 49 रन की पारी खेली। मनल के आउट होने के बाद भारत को आखिरी विकेट के लिए सी वेंकट का साथ मिला। वेंकट ने आठ गेंदों पर नाबाद 11 रन बनाए। अंतिम ओवर में भारत को आठ रन की जरूरत थी। आखिरी गेंद पर तीन रन बनाने थे, लेकिन मोहित ने चौका जडक़र भारत को चैंपियन बना दिया।

लक्ष्य और आर्यवीर ने दी मजबूत शुरुआत

इससे पहले भारतीय कप्तान लक्ष्य रायचंदानी और आर्यवीर सहवाग ने पहले विकेट के लिए 95 रन जोडक़र टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। आर्यवीर ने 61 गेंदों पर 58 रन बनाए, जबकि लक्ष्य ने 101 गेंदों पर 80 रन की पारी खेली। दोनों के आउट होने के बाद भारतीय टीम ने लगातार विकेट गंवाए। अन्वय द्रविड़ भी रन आउट होकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मध्यक्रम के लडख़ड़ाने से भारत की मुश्किलें बढ़ गई थीं।

सहवाग - द्रविड़ के बेटों का रहा जलवा

भारतीय बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पांच मैचों में कुल 361 रन बनाए। वे पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के बेटे हैं। भारतीय टीम में राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ भी शामिल थे। खिताबी जीत के बाद भारतीय कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने टीम के प्रदर्शन पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि मुश्किल समय में भी टीम को जीत की उम्मीद थी और निचले क्रम के बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अंडर-19 एशिया कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई दी।

▶ प्रमुख आरोपी सौरभ चंद्राकर के खुलासे के बाद एक्शन

महादेव ऐप मामले में CBI ने की सबसे बड़ी कार्रवाई

मप्र-छग समेत 6 राज्यों के 33 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी

नई दिल्ली/संचार जगत



महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के खिलाफ सीबीआई ने अब तक का सबसे बड़ा एक्शन लिया है। सीबीआई ने ये तलाशी मामले के प्रमुख आरोपी सौरभ चंद्राकर के खुलासों के आधार पर की है। सौरभ चंद्राकर को ओमान सल्तनत से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था। वो इस प्लेटफॉर्म के प्रमुख प्रमोटरों में से एक है। तलाशी के दौरान सट्टेबाजी और जुए के कई पैनल संचालित होते हुए पाए गए, जिन्हें बंद किया गया।

जांच एजेंसी ने डिजिटल उपकरण, मोबाइल फोन और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। इन दस्तावेजों से म्यूल बैंक खातों और हवाला नेटवर्क के इस्तेमाल का खुलासा हुआ है। महादेव ऐप मामले में 6 राज्यों में सीबीआई की छापेमारी जारी है। जिनमें अमृतसर, दिल्ली, नागौर, धौलपुर, भोपाल, रायपुर, दुर्ग, इंदौर, अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत, मुंबई और नागपुर के नाम शामिल हैं। बता दें कि छापेमारी के दौरान की जगहों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के पैनल चलते हुए भी मिले।

ओमान से प्रत्यर्पित सौरभ चंद्राकर से पूछताछ हुई: सौरभ चंद्राकर को ओमान से प्रत्यर्पित कर 1 नवंबर 2026 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। रायपुर स्थित सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश ने उसे 8 दिनों की पुलिस हिरासत में सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था।पूछताछ में सौरभ ने प्लेटफॉर्म के कामकाज और भारत में उसके पैनल ऑपरेटरों के नेटवर्क से जुड़ी जानकारियां दीं। जांच के दौरान जुटाए गए दस्तावेजी और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर भी उससे पूछताछ की गई।

विदेश से संचालित होता था सट्टेबाजी का नेटवर्क

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से जांच सीबीआई को सौंपे जाने के बाद महादेव ऑनलाइन बुक ऐप मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई थीं। अब तक की जांच में सामने आया है कि यह प्लेटफॉर्म विदेश से अपने मुख्य कार्यालय (हेड ऑफिस) के जरिए संचालित किया जाता था, जबकि भारत में पैनल ऑपरेटरों के बड़े नेटवर्क के माध्यम से इसका संचालन होता था। ये ऑपरेटर ग्राहकों की आईडी संभालते थे और सट्टेबाजी से प्राप्त रकम ऐसे बैंक खातों में जमा करते थे, जिन्हें विशेष रूप से दूसरे लोगों के नाम पर खुलवाया जाता था। इसके बाद मुनाफे की रकम हवाला चैनलों के माध्यम से विदेश भेजी जाती थी।

आम लोगों से आग्रह: सीबीआई टीम ने आम लोगों को आगाह किया है कि इस तरह की गतिविधियों के लिए किसी दूसरे व्यक्ति को अपना म्यूल बैंक खाता, सिम कार्ड या पहचान संबंधी दस्तावेज देना आपराधिक अपराध है। ऐसा करने वाले खाताधारक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

लोकसभा सीटें 50% बढ़ाने के प्रस्ताव पर NCP तैयार

सुप्रिया बोलीं, पहले आधिकारिक विधेयक मिले

नई दिल्ली/संचार जगत



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा है कि उनकी पार्टी लोकसभा सीटों की संख्या 50 फीसदी बढ़ाने के प्रस्ताव का समर्थन करने को तैयार है।

हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी ने अभी इस संबंध में औपचारिक फैसला नहीं लिया है। प्रस्तावित विधेयक की आधिकारिक प्रति मिलने और इंडिया गठबंधन के सहयोगियों से चर्चा के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सुप्रिया सुले के मुताबिक, भाजपा ने परिसीमन विधेयक पर चर्चा के लिए विपक्षी नेताओं की बैठक बुलाई थी। इसमें सभी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या 50 फीसदी बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी एनसीपी-एसपी परिसीमन और महिला आरक्षण, दोनों विधेयकों को पारित होते देखना चाहती है। इसके लिए सभी दलों के बीच सहमति बनाना जरूरी है।

केरल के राउल ने 16 की उम्र में बनाई एआई कंपनी



नई दिल्ली, आरएनएन। जेन जी क्रिकेट से लेकर कारोबार तक, हर फील्ड में अपनी पहचान बना रही है। इस पीढ़ी के युवा न सिर्फ अपने पसंदीदा फील्ड में आगे बढ़ रहे हैं, बल्कि छोटी उम्र में ही ऐसे काम कर रहे हैं, जिनके बारे में अक्सर बड़े लोग भी सोच नहीं पाते।

जिस उम्र में ज्यादातर लोगों को ये समझने में भी वक्त लगता है कि उन्हें आगे चलकर कौन-सा करियर चुनना है, उसी उम्र में केरल के एक 16 साल के लड़के ने अपना एआई स्टार्टअप शुरू कर दिया। उसने इस काम के जरिए अपने पिता को भी नौकरी दे दी। 9 साल के उम्र में राउल जॉन अजू ने अपने आप ही एआई सीखना शुरू कर दिया था। जॉन ने 12 की उम्र में पहला रोबोट बनाया और 16 की उम्र में 12वीं की पढ़ाई करते हुए अपनी एआई की कंपनी खोल ली। अब वह अपने स्टार्टअप में 15 लोगों की टीम लीड करते हैं और 15 से ज्यादा एआई टूल्स को बना चुके हैं।

रीपा@70 : एच.सी.एम. रीपा के 70 गौरवशाली वर्षों के वर्षभर चलने वाले उत्सव का भव्य शुभारंभ

जयपुर। हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एच.सी.एम. रीपा) के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज संस्थान के 70 गौरवशाली वर्षों के वर्षभर चलने वाले उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित 'रन फॉर रीपा' को ए.सी.एस. प्रशिक्षण एवं महानिदेशक, एच.सी.एम. रीपा श्रीमती श्रेया गुहा ने प्रातः 7:00 बजे नेहरू भवन, एच.सी.एम. रीपा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'रन फॉर रीपा' का आयोजन एच.सी.एम. रीपा के 70 गौरवशाली वर्षों की उत्कृष्टता के उत्सव के रूप में किया गया। नेहरू भवन से कुलिश स्मृति उद्यान और वहां से वापस नेहरू भवन तक लगभग 3 किलोमीटर की इस दौड़ में संस्थान के अधिकारी, संकाय सदस्य, कर्मचारी एवं अधिकारी प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महानिदेशक श्रीमती गुहा ने संस्थान के 70 वर्षों की गौरवशाली यात्रा और संस्थान में प्रशिक्षणरत राज्य सेवा के आधारभूत प्रशिक्षण के प्रशिक्षुओं को संस्थान की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

नोबेल विजेता हिंटन की गंभीर चेतावनी | 18 महीने बाद इसे नियंत्रित करना हो जाएगा मुश्किल

3 साल में इंसानों के अस्तित्व के लिए खतरा बन जाएगा एआई

नई दिल्ली/संचार जगत



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से बढ़ते प्रभाव के बीच नोबेल पुरस्कार विजेता जेफ्री हिंटन ने इसके भविष्य को लेकर गंभीर चेतावनी दी है।

उन्होंने आशंका जताई है कि आने वाले तीन वर्षों में एआई इंसानों के नियंत्रण से बाहर होकर उनके अस्तित्व के लिए खतरा बन सकता है। उनके मुताबिक, एआई दुनिया पर अपना नियंत्रण स्थापित करने की क्षमता भी विकसित कर सकता है। हिंटन ने एक इंटरव्यू में कहा कि पहले उनका अनुमान था कि एआई को इंसानों से ज्यादा बुद्धिमान होने में करीब 10 साल लगेंगे, लेकिन तकनीक के तेजी से विकास के कारण अब यह समय घटकर महज 18 महीने रह गया है। उन्होंने आशंका जताई कि एआई के सुपर इंटेलिजेंट होने के बाद इंसानों के लिए उसे नियंत्रित करना मुश्किल हो सकता है।

इंसानों का नियंत्रण खत्म होने की आशंका

एआई सुरक्षा विशेषज्ञ और एलाइनमेंट रिसर्च सेंटर के संस्थापक पॉल क्रिस्टियानो ने भी इस खतरे को लेकर चिंता जताई है। उनके अनुसार, अगले छह से 12 महीनों में ऐसी घटनाएं हो सकती हैं, जिनमें एआई पर इंसानों का नियंत्रण कमजोर पड़ जाए। अगले एक साल में एआई पर से स्थायी नियंत्रण खोने की आशंका चार प्रतिशत और अगले तीन साल में 15 प्रतिशत हो सकती है। क्रिस्टियानो का कहना है कि एआई का संभावित नियंत्रण किसी फिल्म की तरह रोबोटों के हमले के रूप में ही सामने आए, यह जरूरी नहीं है। इसके बजाय वह खुद फैसले लेने लगे और सरकारों, कंपनियों तथा जरूरी प्रणालियों पर नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश कर सकता है। इससे इंसानों की स्वतंत्रता और निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

हथियारों के इस्तेमाल को लेकर भी चिंता

विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि भविष्य में एआई का इस्तेमाल हथियारों, ड्रोन और रोबोट के विकास में हो सकता है। खतरनाक जैविक हथियारों के निर्माण में भी इसके दुरुपयोग की आशंका है। यदि एआई स्वतंत्र फैसले लेने लगे तो उसे रोकना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

गोधरा ट्रेन अग्निकांड हादसा नहीं, साजिश था: अस्थाना

नई दिल्ली/संचार जगत

वर्ष 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड को लेकर पूर्व सीबीआई विशेष निदेशक राकेश अस्थाना ने दावा किया है कि साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में लगी आग दुर्घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश थी। उन्होंने अपनी बात के समर्थन में गुजरात पुलिस की जांच, विशेष जांच दल (एसआईटी), नानावती आयोग की रिपोर्ट और न्यायिक फैसलों का हवाला दिया।

अस्थाना ने तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव पर भी आरोप लगाया कि वे न्यायमूर्ति यूसी बनर्जी समिति के जरिए उन्हें मामले में फंसाना चाहते थे। एक इंटरव्यू में अस्थाना ने बताया कि उस समय दिल्ली में मीडिया के एक वरिष्ठ पद पर कार्यरत उनके पुराने हॉस्टल साथी ने फोन कर उन्हें सावधान रहने की सलाह दी थी।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के आदर्श अपनाने का किया आह्वान

बागडे ने जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं दी

संचार जगत

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जनजातीय गौरव दिवस (15 नवम्बर) पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

बागडे ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस जल, जंगल और जमीन के लिए प्रतिबद्ध आदिवासी कल्याण की प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस पर जनजातीय क्षेत्रों के कल्याण के लिए सभी मिलकर कार्य करें।

उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्श हमारी धरोहर हैं।

बिरसा मुंडा ने जनजाति गौरव, जनजातीय संस्कृति, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया। इसी से वह जनजातीय गौरव का प्रतीक बने।

3,000 से अधिक विमानों को सुरक्षित उतारा...

चार घंटे तक यूएस में विमानों को उड़ने से रोका गया, 9/11 के बाद ऐसा दूसरी बार

नई दिल्ली/संचार जगत



अमेरिका में शुक्रवार दोपहर हवाई सेवा से जुड़ी संचार व्यवस्था फेल होने के बाद पूरे देश में अचानक चार घंटे तक विमानों को उड़ान भरने से रोक दिया गया।

साइबर हमले का अब तक कोई सबूत नहीं मिला...

इससे संकट की स्थिति पैदा हो गई। फ्लाइटरडार के मुताबिक, 10 हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। शनिवार को भी करीब 3,000 उड़ानें प्रभावित हुईं और देरी से उड़ीं। चार घंटे बाद इस रोक को हटा लिया गया और कई स्थानीय उड़ानें रवाना हुईं। 15 लाख से ज्यादा यात्रियों को इस कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। हवाई अड्डों पर यात्रियों की लंबी लाइन लग गई।

हजारों लोग हवाई अड्डों पर फंस गए। कई लोगों को अपनी योजना बदलनी बड़ी तो कई विमान की जगह बसों से ही अपने सफर पर निकल पड़े। 9/11 आतंकी हमले के बाद यह दूसरी बार था जब इस तरह पूरे देश में विमानों के उड़ने पर रोक लगा दी गई। 11 सितंबर 2001 को हुए आतंकी हमलों के बाद पहली बार अमेरिकी अधिकारियों ने देशभर में उड़ानों को रोकने का आदेश दिया था।

ऐसे बढ़ती चली गई परेशानी

- देश के एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में नई तकनीक जोड़ने के दौरान पुराने उपकरणों पर ज्यादा दबाव पड़ गया।
- इससे संचार व्यवस्था और रडार में रुक-रुककर दिक्कतें आने लगीं।
- कई विमानों से संपर्क टूटने लगा। स्विच और राउटर पर डाटा का दबाव इतना बढ़ा कि वे सही जानकारी नहीं दे पा रहे थे।
- इसी वजह से सिस्टम बंद करना पड़ा और उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी।

साइबर हमले से इनकार

यूएस के गृह सुरक्षा मंत्री मार्कवेन मुलिन ने कहा कि शुक्रवार को 3,000 विमानों को सुरक्षित उतारा गया। किसी की जान को खतरा नहीं था। साइबर हमले का अब तक कोई सबूत नहीं मिला है। यह राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति है। परिवहन मंत्री सीन डफी ने माना कि नई व्यवस्थाएं लागू करने में मौजूदा सिस्टम पर जरूरत से ज्यादा दबाव पड़ा। इस तरह की दिक्कतें भविष्य में भी हो सकती हैं। हमारी टीम जांच में जुटी हैं। ब्रिटेन, तुर्की, इजराइल, मोरक्को समेत 42 देशों पर अमेरिका में विमान सेवाएं ठप रहने का असर पड़ा। इनमें ज्यादातर देश ईयू के हैं। ब्रिटेन के सबसे व्यस्त हीथ्रो हवाई अड्डे से यूएस जाने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी गई या उनमें देरी हुई।

एयरपोर्ट पर विमानों के लिए जगह कम पड़ गई

अमेरिका में शुक्रवार को जब सभी उड़ानों पर रोक लगा दी गई तो उस समय 3,500 से अधिक विमान हवा में थे। बड़ी संख्या में विमानों के उड़ान नहीं भर पाने से हवाई अड्डों पर उन्हें खड़ा करने के लिए गेट और रनवे के आसपास की जगह तक कम पड़ गई। अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने कहा कि नेटवर्क में अब भी 1980 के दशक की पुरानी तांबे की तारों का इस्तेमाल हो रहा है। जिन केंद्रों को पहले ही डिजिटल आईपी नेटवर्क पर शिफ्ट कर दिया गया था, वहां इस तरह की खराबी नहीं आई। अमेरिका का विमानन प्रशासन जनवरी 2026 तक 40 प्रतिशत तांबे के तारों को बदल चुका है।

चीन सीमा पर बढ़ी हलचल सैनिकों की तैनाती बढ़ेगी

नई दिल्ली/संचार जगत

चीन के साथ भारत की सीमा पर ग़हलचलग्य बढ़ी है और इसके मद्देनजर भारतीय सैनिकों की लगातार और कहीं अधिक बड़ी तैनाती की जरूरत हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को यह बात कही।



जयशंकर बोले, एलएसी पर सैन्य क्षमता की मजबूत

इसके साथ ही उन्होंने सीमा के पास बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के नई दिल्ली के नजरिये के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़पों के बाद से भारत ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपनी सैन्य क्षमताओं को मजबूत किया है। विदेश मंत्री ने ये बातें एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम में की, जब भारत और चीन अपने संबंधों को सामान्य बनाने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय तक चले सीमा विवाद के कारण दोनों देशों के संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए हैं।

उन्होंने कहा, ग़बीते कुछ सालों पर विचार करें. आप कितनी बार पढ़ते हैं कि कोई नई सुरंग बनी है, कोई नया पुल बना है, या कोई नया एयरपोर्ट शुरू हुआ है? लेकिन आपको ऐसी खबरें अब और ज्यादा बार सुनने को मिल रही हैं।

अनुसूचित जाति उपयोजना का बजट आवंटन करीब 61 प्रतिशत और जनजातीय उपयोजना का करीब 54 प्रतिशत बढ़ा : मुख्य सचिव

संचार जगत

जयपुर। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी संसदीय समिति ने जयपुर के तीन दिवसीय अध्ययन दौरे के दूसरे दिन शनिवार को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए राज्य में चल रही योजनाओं की समीक्षा की।



सभापति डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने समिति का स्वागत किया और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति बताई। वित्त वर्ष 2022-23 के मुकाबले 2026-27 में अनुसूचित जाति उपयोजना का आवंटन 29,116 करोड़ रुपये से बढ़कर 46,995 करोड़ रुपये और जनजातीय उपयोजना का आवंटन 23,569 करोड़ रुपये से बढ़कर 36,184 करोड़ रुपये हो गया है। सभापति डॉ. कुलस्ते ने अत्याचार निवारण अधिनियम के क्रियान्वयन और इसके तहत दर्ज मामलों में दोषसिद्धि की दर की जानकारी मांगी। मुख्य सचिव ने बताया कि जनवरी 2024 से जनवरी 2026 के बीच जांच के लिए लंबित मामले 2,456 से घटकर 1,007 रह गए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 919 विभागीय छात्रावासों में दोनों वर्गों के 33,170 विद्यार्थी रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। वहीं, 31 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 12,300 से अधिक जनजातीय विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत वर्ष 2021-22 से दोनों वर्गों के 36,255 युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई गई है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने डॉ.जसवंत सिंह यादव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर परिजनों को सांत्वना दी



संचार जगत

जयपुर। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड तथा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने बहरोड विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. जसवंत सिंह यादव के निधन पर अलवर स्थित आवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभानी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतृप्त परिवारजनों का ढाढ़स बंधाया। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, तिजारा विधायक महन्त बालकनाथ, डीडवाना विधायक युनूस खान, नगर निगम महापौर सुमनलता अग्रवाल, पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत व रोहिताश शर्मा, पूर्व विधायक अशोक परनामी, जयराम जाटव व बनवारी लाल सिंघल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पंचायतीराज आम चुनाव के चतुर्थ चरण में 71.81 प्रतिशत मतदान



संचार जगत

जयपुर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जयपुर जिले में चतुर्थ एवं अंतिम चरण में शनिवार को जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिले की चार पंचायत समितियों–बस्सी, तूंगा, जमवारामगढ़ एवं आंधी में पंचायत समिति सदस्य पदों के 82 निर्वाचन क्षेत्रों तथा जिला परिषद के 13 निर्वाचन क्षेत्रों में हुए मतदान में कुल 71.81 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) जयपुर संदेश नायक ने बताया कि चारों पंचायत समितियों एवं जिला परिषद के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 4 लाख 7 हजार 280 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 2 लाख 92 हजार 452 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पंचायत समिति-वार प्राप्त अंतिम आंकड़ों के अनुसार आंधी में कुल 91 हजार 16 मतदाताओं में से 63 हजार 817 ने मतदान किया, जो 70.12 प्रतिशत रहा। बस्सी में 1 लाख 29 हजार 159 मतदाताओं में से 93 हजार 462 ने मतदान किया तथा मतदान प्रतिशत 72.36 रहा। जमवारामगढ़ में 1 लाख 22 हजार 890 मतदाताओं में से 88 हजार 444 ने मताधिकार का प्रयोग किया, जहां मतदान प्रतिशत 71.97 दर्ज किया गया। इसी प्रकार तूंगा में कुल 64 हजार 215 मतदाताओं में से 46 हजार 729 ने मतदान किया तथा यहां सर्वाधिक 72.77 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ।

बाल दिवस पर बच्चों ने सड़क सुरक्षा रैली निकालकर दिया यातायात नियमों की पालना का संदेश

संचार जगत



जयपुर। बाल दिवस एवं 15 नवंबर को राज्य सड़क सुरक्षा दिवस तथा विश्व सड़क दुर्घटना पीड़ित स्मरण दिवस के उपलक्ष्य में यातायात पुलिस जयपुर और एक निजी विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भगवान दास रोड एवं आसपास सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न संदेशों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों की पालना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रदीप मोहन, पुलिस उपायुक्त प्रवीण नायक नूनावत के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल दिवस के अवसर पर बच्चों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों को स्मरण कर आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना रहा।

15 दिवसीय आईआईटीएफ- 2026

प्रमुख आवासीय आयुक्त रोहित कुमार ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में राजस्थान मंडप का किया शुभारंभ



संचार जगत

जयपुर। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में शुरू हुए 15 दिवसीय भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में शनिवार को राज्य के प्रमुख आवासीय आयुक्त रोहित कुमार ने राजस्थान मंडप का विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजस्थान मंडप के निदेशक हर्ष शर्मा ने रोहित कुमार को मंडप का अवलोकन करवाते हुए बताया कि इस वर्ष राजस्थान पार्टनर स्टेट है और राजस्थान मण्डप को 'विकास और विरासत' की थीम के अनुरूप तैयार किया गया है। रोहित कुमार ने राजस्थान मण्डप के सभी स्टॉल का अवलोकन कर राजस्थानी कलाकारों और हुनरबंद कारीगरों का उत्साह बढ़ाया। मंडप निदेशक ने बताया कि मेले में मण्डप को उद्योग व पर्यटन विभाग, रीको, बीआईपी, खादी, राजीविका की सहभागिता से और भी समृद्ध बनाया गया है। यहां राजस्थान के पारंपरिक व्यंजन और हस्तशिल्प उत्पादों के स्टॉल भी लगाई गई हैं। मेले में राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड द्वारा लगभग एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में राजस्थान मंडप का निर्माण किया गया है। इसमें राजस्थान की औद्योगिक प्रगति, सांस्कृतिक विविधता, कला, शिल्प, पर्यटन और निवेश की संभावनाओं की विशिष्ट झलक देखने को मिल रही है।

राजस्थान संपर्क 181 पर परिवादियों से सीधे जुड़े मुख्य सचिव

शहरी और ग्रामीण सेवाओं में शिकायतों का निस्तारण हुआ तेज

विद्यालयों में सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श की पहचान के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जन शिकायतों के समयबद्ध समाधान को प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को राजस्थान संपर्क 181 केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वीडियो कॉल पर पाँच परिवादियों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। सीकर जिले के एक विद्यालय में छात्राओं के साथ अनुचित स्पर्श की शिकायत पर मुख्य सचिव ने प्रारंभिक शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श की पहचान के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए और विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों तथा अभिभावकों को भी इससे जोड़ा जाए। जयपुर जिले के शंकर लाल यादव ने कालाडेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपने नवजात की देखभाल से जुड़ी समस्या बताई। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉल पर ही संबंधित चिकित्सा अधिकारी को नवजात की समुचित देखभाल और केंद्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने को कहा। दौसा के एक परिवादी ने जन आधार में आय प्रमाणपत्र का विवरण अद्यतन करने में देरी की शिकायत की। मुख्य सचिव ने मौके पर उपस्थित आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के निदेशक को प्रकरण की जांच करने और जन आधार से जुड़ी सभी शिकायतों की समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रसोई गैस कनेक्शन के स्थानांतरण में देरी और एक छात्रा को अर्द्धवार्षिक परीक्षा में शामिल होने से रोके जाने की शिकायतों पर भी संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। मुख्य सचिव ने राजस्थान संपर्क की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की और शिकायतों के निस्तारण में आई तेजी तथा परिवादियों की बढ़ी संतुष्टि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

चिकित्सा क्षेत्र के उत्तरोतर विकास हेतु अनुसंधान एवं नवीन तकनीक का प्रयोग आवश्यक : राज्यपाल बागडे

संचार जगत



जयपुर/अलवर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को टेल्को सर्किल स्थित हरीश हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में आयोजित हैरीकॉन-2026 के तीसरे संस्करण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवित शुभारम्भ किया। राज्यपाल बागडे ने चिकित्सा शिक्षा के अनुसंधानों एवं नवीन आयामों के लिए आयोजित हैरीकॉन-2026 के तीसरे संस्करण के आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए चिकित्सा क्षेत्र में केवल क्लिनिकल दक्षता के साथ बल्कि नवीन शोधों की आवश्यकता है। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्रा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का है, इससे मरीजों के उपचार में काफी सुगमता हो रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा पद्धति में मशीनें सहायक सिद्ध तो हो सकती हैं लेकिन चिकित्सकों का स्थान नहीं ले सकती, क्योंकि मानवीय संवेदनाएं एवं भावनाएं चिकित्सकीय परामर्श में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। राज्यपाल बागडे ने कहा कि एक अच्छे चिकित्सक के लिए किताबी ज्ञान के साथ-साथ मरीज के साथ संवेदनशील रहकर समुचित उपचार किया जाना चाहिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिनभर लिया मतदान व्यवस्थाओं का जायजा

मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

संचार जगत



जयपुर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव के तहत जयपुर जिले में शनिवार को चतुर्थ चरण में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान संपन्न हुआ। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) जयपुर संदेश नायक ने दिनभर बस्सी, तूंगा, जमवारामगढ़ एवं आंधी पंचायत समितियों के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने खोखावाला, भांगड़ कला, सहित चारों पंचायत समितियों के विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। वहां तैनात मतदान कार्मिकों से निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए की गई व्यवस्थाओं, मतदान प्रक्रिया के संचालन तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने चतुर्थ चरण के मतदान को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने में सहयोग देने के लिए बस्सी, तूंगा, जमवारामगढ़ एवं आंधी पंचायत समितियों के समस्त मतदाताओं, आमजन, जनप्रतिनिधियों एवं निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों और कार्मिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग एवं सक्रिय भागीदारी से मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि चतुर्थ चरण के तहत इन चारों पंचायत समितियों में पंच एवं सरपंच पदों के लिए 16 नवंबर को मतदान होगा तथा उपसरपंच का चुनाव 17 नवंबर को होगा।

राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन के विकास को लेकर अहम बैठक: राजस्थान के औद्योगिक विकास को मिल रही अभूतपूर्व गति

प्रदेश में निवेशकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं : सीएम शर्मा

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन प्रदेश की औद्योगिक अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां देने के साथ ही रोजगार सृजन एवं राजस्व अर्जन का प्रमुख केन्द्र बन रहा है।

इस क्षेत्र में पेट्रोकेमिकल आधारित अधिकाधिक औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाए तथा पेट्रोकेमिकल उत्पादों का निर्माण एवं उनका उपयोग प्रदेश में ही सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। पेट्रोकेमिकल जोन के सुनियोजित विकास से प्रदेश में निवेश के और नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री शनिवार को राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन के विकास, औद्योगिक निवेश एवं उपलब्ध संभावनाओं के संबंध में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जोन के विकास से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करते हुए इसे निवेशकों के लिए आकर्षक औद्योगिक गंतव्य के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि औद्योगिक भूखंडों का आवंटन केवल औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहे, बल्कि आवंटित भूखंडों पर निर्धारित समयावधि में वास्तविक औद्योगिक गतिविधियां प्रारंभ होना भी सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया आगामी तीन माह में अनिवार्य रूप से पूरी की जाए। आवंटन प्राप्त करने के छह माह के भीतर औद्योगिक इकाई की स्थापना एवं संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शेष उपलब्ध भूखंडों का आवंटन शीघ्र नीलामी के माध्यम से करने तथा पूर्व में भूखंड आवंटित होने के बावजूद औद्योगिक गतिविधियां प्रारंभ नहीं करने वाले आवंटियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक भूमि का उपयोग वास्तविक उत्पादन गतिविधियों के लिए हो तथा निवेश के नाम पर भूखंडों का अनावश्यक रूप से उपयोग लंबित नहीं रखा जाए।

स्थानीय स्तर पर उत्पादन हो सुनिश्चित

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेट्रोकेमिकल जोन का विकास इस दृष्टि से किया जाए कि रिफाइनरी से प्राप्त होने वाले उत्पादों का उपयोग प्रदेश में ही विभिन्न औद्योगिक इकाइयों द्वारा किया जा सके। इससे स्थानीय स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा मिलने के साथ ही उद्योगों की लागत एवं आपूर्ति व्यवस्था को भी बेहतर बनाने की संभावनाएं विकसित होंगी।

उन्होंने सीमेंट, पाइप सहित विभिन्न उत्पादों के निर्माण में पेट्रोकेमिकल उत्पादों के उपयोग की संभावनाओं का आकलन करने के निर्देश दिए। साथ ही, प्रदेश में इन उत्पादों की वर्तमान मांग, उपभोग एवं भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं का विस्तृत अध्ययन करवाने पर जोर दिया।

उन्होंने इस क्षेत्र में पहले से कार्यरत उद्यमियों एवं संबंधित औद्योगिक इकाइयों के संचालकों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। इन बैठकों में उद्यमियों की आवश्यकताओं, मांगों एवं सुझावों पर विचार कर उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए, ताकि स्थानीय उद्योगों को जोन से जोड़कर मजबूत औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित किया जा सके।

निवेश प्रोत्साहन योजनाओं का हों प्रभावी क्रियान्वयन

मुख्यमंत्री ने निवेशकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने के लिए समय-समय पर निवेश सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना एवं प्लग एंड प्ले सहित अन्य निवेश संवर्धन योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ अधिकाधिक निवेशकों एवं उद्यमियों तक पहुंचे तथा औद्योगिक इकाइयों की स्थापना में आने वाली कठिनाइयों का समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन का विकास प्रदेश में नए उद्योगों की स्थापना, स्थानीय स्तर पर उत्पादन आदि।

निवेशकों की बैठक आयोजित कर आकर्षित करें निवेश

मुख्यमंत्री ने बालोतरा में निवेशकों की बैठक आयोजित कर राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन में अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने तथा स्थानीय स्तर पर औद्योगिक उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निवेशकों को रिफाइनरी से उपलब्ध होने वाले बाय-प्रोडक्ट्स का लाभ मिलना चाहिए।

अंडर-19 एशिया कप : पाकिस्तान को हरा कर भारत 9वीं बार चैंपियन, मनाल-मोहित ने पलटी बाजी

नई दिल्ली/संचार जगत

एसीसी मेंस अंडर-19 एशिया कप के रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 1 विकेट से हराया और नौंवी बार खिताब अपने नाम किया। पाकिस्तान से मिले 338 रनों के लक्ष्य को भारतीय टीम ने मैच की आखिरी गेंद पर 9 विकेट खोकर हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत शानदार रही। आर्यवीर सहवाग और कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने मिलकर पहले विकेट के लिए 17.4 ओवर में 95 रन जोड़े। आर्यवीर 61 गेंदों का सामना करने के बाद 58 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी इस पारी में 9 चौके लगाए। वहीं, लक्ष्य 101 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 80 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वीके विनीत अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके और 24 रन बनाकर आउट हुए।

अर्जुन राजपूत 16 रन ही बना सके, जबकि यशवर्धन चौहान 9 रन बनाकर पवेलियन लौटे। विकेटकीपर बल्लेबाज अन्वय द्रविड़ 12 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुए। आर्यन सावसानी भी कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके और 9 रन बनाकर आउट हुए। काव्या पटेल बिना खाता खोले पवेलियन लौटे।



मोहित ने लास्ट गेंद पर लगाया विजयी चौका

9वें विकेट के लिए मनाल चौहान और मोहित उल्वा ने 35 गेंदों में 57 रनों की साझेदारी निभाते हुए भारतीय टीम को मैच में बनाए रखा। मनाल पारी के 48वें ओवर में 32 गेंदों में 47 रन बनाने के बाद आउट हुए। उन्होंने अपनी इस महत्वपूर्ण पारी में 3 चौके और तीन छक्के लगाए। मनाल के आउट होने के बावजूद, मोहित क्रीज पर खड़े रहे और 26 गेंदों में नाबाद 49 रन बनाकर टीम को जीत दिलाकर लौटे। मोहित ने अपनी इस पारी में 5 चौके और 3 छक्के लगाए। भारतीय टीम को आखिरी गेंद पर 3 रनों की जरूरत थी, लेकिन मोहित ने शानदार चौका लगाकर टीम को यादगार जीत और खिताब दिलाया।

उस्मान खान ने लगाया शतक

इससे पहले, पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 337 रन बनाए। पाकिस्तान अंडर-19 टीम की शुरुआत बेहतरीन रही। हयाम खान और उस्मान खान ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 8.1 ओवर में 62 रन जोड़े। हयाम 23 गेंदों पर 21 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद उस्मान ने अब्दुल कादिर के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 135 रन की बड़ी साझेदारी की। अब्दुल कादिर ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 54 गेंदों में 80 रन बनाए। उनकी पारी में 3 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। दूसरी ओर, उस्मान खान ने फाइनल मुकाबले में बेहतरीन शतक लगाया। उन्होंने 111 गेंदों पर 107 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। कप्तान फरहान यूसुफ ने भी टीम के लिए अहम योगदान दिया। उन्होंने 60 गेंदों में 63 रन की पारी खेली और 4 चौके तथा 3 छक्के लगाए। भारत की ओर से काव्या पटेल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 68 रन देकर 4 विकेट लिए। चिगुरुपति वेंकट ने 40 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि अर्जुन राजपूत को 1 विकेट मिला।

खबर संक्षेप



सैफ चैंपियनशिप : भूटान को हराकर फाइनल में भारत

ढाका। गत चैंपियन भारत ने पीवी विष्णु और चिंगलेनसाना सिंह के गोल की बदौलत भूटान को 2-1 से हराकर सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। विष्णु ने आठवें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। उन्होंने लंबे पास को नियंत्रित करने के बाद दाएं पैर से लगाए शॉट पर भूटान के गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। भारत ने 27वें मिनट में अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। किपगेन की ओर से लिए गए कॉर्नर पर भूटान के खिलाड़ी गेंद को क्लीयर नहीं कर सके और इसका फायदा उठाते हुए चिंगलेनसाना ने नजदीक से शानदार गोल दाग दिया। भूटान ने 48वें मिनट में तोबदेन के गोल से वापसी की। ग्येल्तशेन के बॉक्स के अंदर से लगाए गए शॉट के बाद तोबदेन ने हेडर से गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया। यह मुकाबला सैफ चैंपियनशिप के इतिहास में वीएआर प्रणाली के पदार्पण का भी गवाह बना।

एशियाई कप : भारत ने गुआम को 12-0 से हराया



कुआलालंपुर। भारतीय टीम ने राज सिंह वाहेंगबाम और डल्लालमुआन गंगटे की हैट्रिक की बदौलत एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप मुकाबले में गुआम को 12-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत की टूर्नामेंट में दूसरी जीत है। ग्रुप ई के इस मुकाबले में वाहेंगबाम ने चार गोल दागे। उन्होंने 55वें, 73वें, 83वें और 84वें मिनट में गोल किए। वहीं, गंगटे ने 13वें, 27वें और 32वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। भारत के लिए अन्य गोल लियो थोंगबाम (पांचवां मिनट), ऋषिकेश मानवथी (20वां मिनट), डेविड मंगांग इरोम (53वां मिनट), फेलिक्स मीतई सैखोम (56वां मिनट) और रिस्टिक मैती (87वां मिनट) ने किए। लियो थोंगबाम ने पांचवें मिनट में गोल कर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई।

कोलंबो में 'टेस्ट ट्वेंटी' की शुरुआत

कोलंबो। लड़कों और लड़कियों की टीमें मिलकर एक ही मैच के नतीजे में योगदान देंगी। क्रिकेट के इस नए मिश्रित प्रारुप 'टेस्ट ट्वेंटी' की शुरुआत हुई। इस मौके पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन, श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर रसेल आर्नोल्ड और भारत के जाने-माने कोच राजकुमार शर्मा मौजूद थे। क्रिकेट के चौथे प्रारुप के रूप में पेश किए गए 'टेस्ट ट्वेंटी' में 80 ओवर का मुकाबला होगा, जिसमें चार पारियां खेली जाएंगी। प्रत्येक टीम को 20-20 ओवर की दो पारियां खेलने का मौका मिलेगा और पहली पारी में बनाए गए रन दूसरी पारी के स्कोर में जुड़ेंगे। इस प्रारुप में टेस्ट और टी20 क्रिकेट के तत्वों को शामिल किया गया है और मुकाबले एक ही दिन में पूरे होंगे।

न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे आज

मैच का समय भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे

स्विंग की चुनौती, टीम इंडिया की अग्निपरीक्षा, दांव पर सीरीज

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय बल्लेबाज रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एकदिवसीय में स्विंग लेती गेंदों के सामने बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेंगे क्योंकि इस मुकाबले से शृंखला का नतीजा भी तय होगा।

भारत को तेज गेंदबाजी की अनुकूल पिचों पर अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा क्योंकि 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में भी उसे ऐसी ही परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

सीरीज में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रोहित, अय्यर

पूरे बल्लेबाजी क्रम की नाकामी को देखते हुए किसी एक खिलाड़ी को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। हालांकि रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर 5 मैच की इस शृंखला में अब तक प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। अय्यर का कप्तान के रूप में पदार्पण भी निराशाजनक रहा। हेनरी की शानदार गेंद पर रोहित चकमा खा गए और स्लिप में कैच दे बैठे जबकि अय्यर तेज गति से अंदर की ओर आई गेंद पर पगबाधा हो गए। केवल एक प्रारुप में खेलने वाले रोहित और विराट कोहली के लिए यह मुकाबला न्यूजीलैंड के संभवतः अपने आखिरी दौरे पर दर्शकों का मनोरंजन करने का अंतिम मौका हो सकता है।



न्यूजीलैंड के सामने करो या मरो का मुकाबला

दूसरी ओर न्यूजीलैंड के सामने शृंखला बराबर करने के लिए एक और करो या मरो का मुकाबला है। चौथे एकदिवसीय में अर्धशतक जड़कर सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने अपने करियर को नई दिशा दी होगी जबकि स्लिप में दो बार कैच छूटने के बाद विल यंग ने शानदार शतक जड़ा। भारतीय तेज गेंदबाजों को शुरुआती 10 ओवर में सलामी बल्लेबाजों को हावी होने से रोकना होगा।

सात वर्षों में अपनी धरती पर सीरीज नहीं हारा न्यूजीलैंड

यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या बिना अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले बेट रैंडेल को बे ओवल में खेलने का मौका मिलता है। न्यूजीलैंड ने पिछले सात वर्षों से अपनी धरती पर कोई शृंखला नहीं गंवाई है और ऐसे में वह चोट खाए लेकिन मजबूत प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ अपना यह रिकॉर्ड बरकरार रखने के लिए पूरा जोर लगाएगा।

जल्दी आउट होना चिंता का विषय : गंभीर



गंभीर ने कहा, 'ये ऐसी परिस्थितियां हैं, जो विश्व कप के दौरान मिलने वाली परिस्थितियों के सबसे करीब होंगी। बड़ी चिंता रन बनाने की नहीं है बल्कि यह है कि हम कितनी जल्दी आउट हो गए। हम 26 या 27 ओवर में ही सिमट गए। यह हमेशा चिंता का विषय होता है।'

गेंदबाजों के पावरप्ले में प्रदर्शन में बड़ा अंतर : अय्यर

कप्तान अय्यर ने कहा कि दूसरी पारी में परिस्थितियां गेंदबाजों के काफी अनुकूल हो गई थीं लेकिन दोनों टीम के तेज गेंदबाजों के पावरप्ले में प्रदर्शन में बड़ा अंतर था। न्यूजीलैंड ने छठे ओवर तक भारत का स्कोर चार विकेट पर 9 रन कर दिया था जबकि भारतीय तेज गेंदबाज शुरुआती पावरप्ले में कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ सके। गुरनूर बरार और आकिब नबी ने दो-दो विकेट चटकाए लेकिन रन भी लुटाए। शृंखला का अपना पहला मुकाबला खेलने उतरे कुलदीप यादव के खिलाफ विल यंग ने जमकर रन बनाए। टेस्ट टीम से रिलीज किए गए बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप न्यूजीलैंड दौरे का समापन यादगार प्रदर्शन के साथ करना चाहेंगे।

वैभव ने बनाया नया कीर्तिमान

15 साल की उम्र में कप्तानी का ताज



नई दिल्ली/संचार जगत

किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सौराष्ट्र के खिलाफ बिहार की कप्तानी करते हुए पुरुष टी20 क्रिकेट इतिहास के सबसे युवा कप्तान बनने का रिकॉर्ड बनाया।

सूर्यवंशी ने 15 साल और 232 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने क्रोएशिया के जैक वुकुसिक का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 7 अगस्त 2025 को साइप्रस के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 17 साल और 311 दिन की उम्र में अपनी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। बिहार की टीम ने घरेलू टी20 प्रतियोगिता के शुरुआती दो मुकाबलों के लिए युवा खिलाड़ी को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी है। हालांकि इस मुकाबले में सूर्यवंशी बल्ले से खास योगदान नहीं दे सके। उन्होंने 12 गेंद में 18 रन बनाए और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया की गेंद पर उन्हीं को कैच दे बैठे।

दलीप ट्रॉफी में संभाली थी पूर्वी क्षेत्र का उपकप्तानी

होलकर स्टेडियम में टॉस जीतकर बिहार ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। यह नियुक्ति इस युवा खिलाड़ी के तेजी से बढ़ते करियर में एक और उपलब्धि है। उन्होंने महज 5 महीने पहले भारतीय टीम के लिए पदार्पण किया था। उन्हें 2026-27 दलीप ट्रॉफी के लिए इशान किशन की जगह पूर्वी क्षेत्र का उपकप्तान भी नियुक्त किया गया था। उनका पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के टी20 दौरे पर था, जहां उन्होंने दो मैच खेले और 49 रन बनाए। इस शृंखला में उनका 19 गेंद में 45 रन का योगदान खास रहा था।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : मुंबई ने हैदराबाद को दी करारी शिकस्त, सूर्यकुमार ने ठोके 21 गेंद में 60 रन

नई दिल्ली/संचार जगत

सूर्यकुमार यादव की 21 गेंद में खेली गई नाबाद 60 रन की तूफानी पारी की बदौलत मुंबई ने शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप डी मुकाबले में हैदराबाद को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी। मुंबई ने केवल 13.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 172 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्यकुमार ने अपनी विस्फोटक पारी में छह चौके और पांच छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 285.71 का रहा। उन्होंने महज 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर जाधवपुर विश्वविद्यालय परिसर मैदान पर मुंबई के दबदबे का नमूना पेश किया।

मुंबई ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत 13.1 ओवर में 3 विकेट पर 174 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। युवा बल्लेबाज मुशीर खान ने भी 24 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 51 रन की शानदार पारी खेली। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवर में 172 रन बनाए।



चंडीगढ़ ने बड़ौदा को हराया

मुंबई। कृणाल पंड्या के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के बावजूद बड़ौदा को शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए मुकाबले में चंडीगढ़ के हाथों 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पंड्या ने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाए, जिससे बड़ौदा की टीम छह विकेट पर 148 रन बनाने में सफल रही। सलामी बल्लेबाज शिवालिक शर्मा ने 42 गेंदों पर 45 रन की पारी खेली, लेकिन बड़ौदा की टीम पूरी पारी के दौरान रन गति बढ़ाने के लिए संघर्ष करती रही। भारतीय टीम के खिलाड़ी जितेश शर्मा और दीपक हुड्डा भी बल्ले से कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ सके।

नेशन्स लीग : नीदरलैंड ने यूनान को 7-0 से हराया, रेनडर्स ने लगाई हैट्रिक

नई दिल्ली/संचार जगत

नीदरलैंड ने यूएफा नेशंस लीग फुटबॉल मुकाबले में यूनान को 7-0 से करारी शिकस्त देकर नए कोच जावी के मार्गदर्शन में अपना अजेय अभियान जारी रखा जबकि जुर्गेन क्लॉप की जर्मनी की टीम ने सर्बिया को 3-1 से हराया।

इन नतीजों से अब ग्रुप में शीर्ष स्थान पर रहने के लिए दोनों दिग्गज कोच की टीमों के बीच निर्णायक मुकाबले का मंच तैयार हो गया है। खेले गए मुकाबले में नीदरलैंड की शानदार जीत में तिजानी रेनडर्स ने हैट्रिक लगाई जबकि ज्यूरियन टिम्बर ने दो गोल दागे। क्रिसेंसियो समरविल ने छठे मिनट में गोल करके नीदरलैंड का खाता खोला। इसके बाद रेनडर्स ने 21 मिनट के भीतर तीन गोल दागे। टिम्बर ने दो और गोल किए जबकि डॉनील मैलेन ने सातवां गोल करके टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। ग्रुप ए2 में शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड से जर्मनी तीन अंक पीछे है। दोनों टीम सोमवार को बर्लिन में आमने-सामने होंगी।



टेस्ट टीम से कुलदीप रिलीज, बरार को मौका

नई दिल्ली/संचार जगत



तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की शृंखला के लिए शनिवार को भारतीय टीम में शामिल किया गया जबकि स्पिनर कुलदीप यादव को रिलीज (टीम से हटा लेना) कर दिया गया क्योंकि इस शृंखला में तेज गेंदबाजों के अनुकूल पिचें मिलने की उम्मीद है।

बीसीसीआई ने कहा, 'पुरुष चयन समिति ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की शृंखला के लिए भारतीय टीम में गुरनूर बरार को शामिल किया है।' बयान के अनुसार, 'कुलदीप यादव को भारत में जारी घरेलू क्रिकेट में खेलने के लिए टेस्ट टीम से रिलीज किया जाएगा।' टेस्ट टीम में चयन के बाद बरार रविवार को माउंट मोनगानुई में होने वाले पांचवें और अंतिम एकदिवसीय मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। बरार की हार्ड लेंथ से अतिरिक्त उछाल हासिल करने की क्षमता मेजबान टीम के बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकती है।

कुमामोतो मास्टर्स : अल्वी फरहान को तीन गेम में हराया

लक्ष्य ने लगातार दूसरी बार फाइनल में बनाई जगह

नई दिल्ली/संचार जगत

लक्ष्य सेन ने कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के अल्वी फरहान को तीन गेम में हराकर लगातार दूसरे पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई।

दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने छठे वरीय फरहान को 21-12, 15-21, 21-11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य की हांगझोउ में होने वाले बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें भी मजबूत हुई हैं। आठवें वरीय लक्ष्य फिलहाल बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर रैंकिंग में 64,980 अंकों के साथ 12वें स्थान पर हैं। सत्र के अंत में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने के लिए उन्हें शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी। फाइनल में उनका सामना जापान के कोकी वातानाबे और दूसरे वरीय थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।



मुकाबला आसान हो गया : लक्ष्य

लक्ष्य ने कहा कि निर्णायक गेम में शुरुआती बढ़त हासिल करने से उनके लिए मुकाबला आसान हो गया। उन्होंने कहा, 'तीसरे गेम में शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखना महत्वपूर्ण था। जब स्कोर 11-6 हो गया तो कोर्ट बदलने के बाद के अगले तीन अंक बेहद अहम थे।'

विश्व टूर रैंकिंग के शीर्ष 8 में पहुंचने की संभावना

सुपर 500 टूर्नामेंट का खिताब जीतने पर लक्ष्य को 9,200 अंक मिलेंगे जबकि उपविजेता रहने पर उन्हें 7,800 अंक हासिल होंगे। दोनों ही परिणाम उन्हें बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर रैंकिंग के शीर्ष आठ में पहुंचा सकते हैं। हालांकि हांगकांग ओपन सुपर 500 और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट अभी बाकी हैं, जिससे रैंकिंग में बदलाव की संभावना बनी रहेगी। लक्ष्य इससे पहले फरहान के खिलाफ अपने दोनों मुकाबले हार चुके थे और इंडोनेशियाई खिलाड़ी के खिलाफ एक भी गेम नहीं जीत पाए थे। लेकिन शनिवार को उन्होंने शानदार वापसी करते हुए पिछली हार का हिसाब बराबर कर दिया।

स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए सभी व्यवस्थाएं रखें चाक-चौबंद-राज्य निर्वाचन आयोग

राज्य निर्वाचन आयोग आयुक्त ने समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को दिए मतदान केन्द्रों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

संचार जगत



जयपुर/धौलपुर। राज्य निर्वाचन आयोग आयुक्त राजेश्वर सिंह ने कहा कि पंचायती राज आम चुनाव-2026 में प्रत्येक मतदाता भयमुक्त वातावरण में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर सके, इसके लिए निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी पारदर्शिता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

उन्होंने निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप मतदान एवं मतगणना से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। राज्य निर्वाचन आयोग आयुक्त धौलपुर कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को आयोजित बैठक में चतुर्थ चरण के निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ पर्याप्त सुरक्षा जाब्ता तैनात किया जाए। मतदान दलों के गंतव्य स्थलों तक समय पर पहुंचने, उनके ठहरने तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की प्रभावी तैयारी रखी जाए ताकि निर्वाचन कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि मतदान एवं मतगणना की सभी व्यवस्थाऐं स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से की जाये जिससे आयोग की मंशा के अनुरूप शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न हों। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर पेयजल, विद्युत एवं प्रकाश, शौचालय, साफ-सफाई तथा रैम्प सहित सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दलों के प्रशिक्षण की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य में नियुक्त कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया, दायित्वों एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों की समुचित जानकारी दी जाए, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने संवेदनशील एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात करने के निर्देश दिए तथा एरिया मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने तथा संवेदनशील केन्द्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा साथ ही ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की एवं मतगणना कार्य में नियुक्त कार्मिकों को भी समुचित प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

नियंत्रण कक्ष रहे सक्रिय, सीमावर्ती क्षेत्र में बरतें अतिरिक्त सतर्कता

राज्य निर्वाचन आयोग आयुक्त ने जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष को पूरी तरह सक्रिय एवं मुस्तैद रखने तथा सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के संबंध में सूचना प्राप्त होते ही अतिरिक्त जाप्ता भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखें तथा किसी भी अवांछित गतिविधि या घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

स्वीप के नवाचारों की सराहना

राज्य निर्वाचन आयोग आयुक्त ने जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए किए गए नवाचारों की सराहना की। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर होमगार्ड, पुलिस कर्मी, महिला कॉन्स्टेबलों की नियुक्ति तथा वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए स्काउट एवं गाइड के प्रतिनिधियों को लगाए जाने की पहल को सराहनीय बताया।

उन्होंने जिले में चतुर्थ चरण में बनाए गए 3 आदर्श मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए नवाचारों एवं सामान्य प्रबन्धन पर आधारित पुस्तिका तैयार करने का सुझाव दिया जिससे भविष्य में जानकारी मिल सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी तैयारियों की जानकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी निधि बी टी ने चतुर्थ चरण के निर्वाचन की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 3 पंचायत समितियों में चुनाव के लिए मतदान दल रवाना कर दिए गए है। उन्होंने ईवीएम की व्यवस्थाऐं, कार्मिकों को प्रशिक्षण, मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाऐं, मतदान दलों के ठहराव एवं सामान्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट, एरिया मजिस्ट्रेट, पुलिस पार्टी, मतदान दलों के कार्मिकों को दिए गए प्रशिक्षण के बारे में बताया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि चतुर्थ चरण के मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि अवांछित गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासन समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। बैठक में पर्यवेक्षक अरविंद सारस्वत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्रेष्ठा , उपजिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर सुरेश राव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्पैम रोकने के लिए दूरसंचार नियामक ने तिमाही के दौरान तेज की कार्रवाई

अनचाहे कॉल-संदेश भेजने पर 374 संस्थाओं पर एक साल का प्रतिबंध

नई दिल्ली/संचार जगत

अवांछित व्यावसायिक कॉल और संदेशों यानी स्पैम पर लगाम लगाने के लिए भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सख्त कदम उठाए हैं। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के दौरान नियामक ने 1.24 लाख से अधिक दूरसंचार संसाधनों के खिलाफ कार्रवाई की और 374 संस्थाओं को एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया। इन संस्थाओं को प्रतिबंध की अवधि में नए दूरसंचार संसाधन जारी नहीं किए जा सकेंगे।

नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

ट्राई की वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही की रिपोर्ट के अनुसार, पहली बार नियमों का उल्लंघन करने पर 1,10,325 दूरसंचार संसाधनों की आउटगोइंग सेवाएं 15 दिनों के लिए बंद कर दी गईं। वहीं,



पहली बार नियम तोड़ने वाले 1.10 लाख संसाधनों की सेवाएं 15 दिन बंद, 13,777 मोबाइल कनेक्शन भी काटे

बार-बार नियम तोड़ने के मामलों में 13,777 मोबाइल कनेक्शन एक साल के लिए काट दिए गए। इसके अलावा, नियामक ने 3,725 एसएमएस हेडर भी ब्लॉक किए।

संदेश भेजने वाली 374 संस्थाओं पर भी एक साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इस अवधि में ये संस्थाएं नए दूरसंचार संसाधन प्राप्त नहीं कर सकेंगी। इन कदमों का उद्देश्य अनचाहे व्यावसायिक संदेशों और कॉल के जरिए उपभोक्ताओं को परेशान करने वाली गतिविधियों पर रोक लगाना है।

एआई से 19.9 अरब कॉल-संदेश चिह्नित

स्पैम पर नियंत्रण के लिए दूरसंचार कंपनियां कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित प्रणालियों का भी इस्तेमाल कर रही हैं। ट्राई के अनुसार, इन प्रणालियों ने दूसरी तिमाही में 19.9 अरब इनकमिंग कॉल और एसएमएस को संभावित स्पैम के रूप में चिह्नित किया। इनमें 18.28 अरब कॉल और 1.62 अरब एसएमएस शामिल हैं। इसके अलावा, दूरसंचार कंपनियों ने संदिग्ध स्पैम गतिविधियों में शामिल संस्थाओं को 45.9 लाख से अधिक चेतावनी संदेश जारी किए।

15.29 लाख शिकायतें मिलीं

रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई-सितंबर तिमाही में ट्राई को अवांछित वाणिज्यिक संचार से जुड़ी 15.29 लाख शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 7.23 लाख शिकायतें कार्रवाई योग्य पाई गईं। इस दौरान देश के दूरसंचार नेटवर्क से 714.01 अरब कॉल और 702.28 अरब एसएमएस भेजे गए। प्रति 10 लाख आउटगोइंग कॉल पर शिकायतों की दर लगभग 2.14 रही। स्पैम की शिकायत दर्ज कराने के लिए ट्राई का ''डू नॉट डिस्टर्ब'' (डीएनडी) ऐप उपभोक्ताओं का सबसे पसंदीदा माध्यम बना रहा। कुल शिकायतों में से 14.21 लाख यानी 92.9 प्रतिशत इसी ऐप के जरिए दर्ज की गई। 30 सितंबर तक इस ऐप को 42.36 लाख बार डाउनलोड किया जा चुका था।

टाटा संस की शेयर बाजार में लिस्टिंग के विरोध में ट्रस्ट अध्यक्ष नोएल टाटा

बोले, पारंपरिक कार्यशैली और परोपकार की भावना प्रभावित हो सकती है

नई दिल्ली/संचार जगत

टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष नोएल टाटा ने टाटा संस की प्रस्तावित शेयर बाजार में सूचीबद्धता को लेकर चिंता जताई है।



उनका मानना है कि सार्वजनिक कंपनी बनने से समूह की पारंपरिक कार्यशैली और परोपकार की भावना प्रभावित हो सकती है। उन्होंने आशंका जताई कि व्यापक शेयरधारक आधार बनने पर मुनाफा सामाजिक कल्याण और परोपकारी गतिविधियों से अधिक महत्वपूर्ण हो सकता है। उनकी यह टिप्पणी टाटा ट्रस्ट और टाटा संस के निदेशक मंडल के बीच स्वामित्व व्यवस्था को लेकर जारी मतभेदों के बीच आई है।

बड़े शेयरधारक आधार पर चिंता

एचटी लीडरशिप समिट 2026 में नोएल टाटा ने कहा कि यदि कंपनी के 30,000-40,000 शेयरधारक हो जाते हैं, तो मुनाफा परोपकार पर हावी हो सकता है। उन्होंने टाटा समूह के मूल दर्शन और उसकी निरंतरता बनाए रखने पर जोर दिया। उनके मुताबिक, समूह की पहचान केवल व्यावसायिक सफलता नहीं, बल्कि समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि मालिक न तो मर सकता है, न खरीदा जा सकता है और न ही सेवानिवृत्त हो सकता है। नोएल टाटा ने समूह के उद्देश्यों पर सवाल नहीं उठाया, बल्कि बड़ी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अनुशासन की कमी को लेकर चिंता जताई। उन्होंने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी जैसे नए क्षेत्रों में टाटा समूह की बढ़ती भूमिका का भी उल्लेख किया।

आरबीआई के फैसले के बाद बढ़ा विवाद

टाटा संस की सूचीबद्धता का मुद्दा सितंबर 2026 में उस समय महत्वपूर्ण हो गया, जब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुख्य निवेश कंपनी के रूप में पंजीकरण छोड़ने के उसके आवेदन को खारिज कर दिया। इसके बाद 17 सितंबर को हुई बोर्ड बैठक में टाटा संस ने नियामकीय प्रावधानों के तहत शेयर बाजार में सूचीबद्धता की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया। इसी बैठक में एन चंद्रशेखरन को पांच साल का नया कार्यकाल देने का फैसला भी किया गया। बोर्ड ने 4:1 के बहुमत से उनकी पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी।

स्वामित्व को लेकर दो अलग-अलग राय

टाटा ट्रस्ट्स की टाटा संस में करीब 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है और वह कंपनी की सार्वजनिक सूचीबद्धता का विरोध करता है। दूसरी ओर, 18.37 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला शापूरजी पलोनजी समूह सूचीबद्धता का समर्थन कर रहा है।

मंडियों में दाम घटने के बावजूद ग्राहकों को नहीं मिल रही राहत

कारोबारियों को अब हर सप्ताह देनी होगी दालों के स्टाक की जानकारी

नई दिल्ली/संचार जगत

त्योहारों का सीजन समाप्त होने के बाद भी दालों की कीमतों में अपेक्षित गिरावट नहीं आने पर केंद्र सरकार ने सख्ती बढ़ा दी है। आम उपभोक्ताओं को महंगाई से राहत दिलाने और बाजार में जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए अब दाल कारोबार से जुड़े व्यापारियों, आयातकों, मिलर्स, डीलरों, थोक विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों को प्रत्येक सप्ताह अपने पास उपलब्ध स्टॉक का ब्योरा ऑनलाइन पोर्टल पर देना होगा।

जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र ने बढ़ाई निगरानी व्यापारियों पर भी सख्ती

आपूर्ति बेहतर होने की उम्मीद

सरकार के अनुसार, खरीफ 2026 के दौरान उड़द सहित अन्य दालों की अच्छी बुवाई हुई है। इसके साथ ही रबी फसलों की बुवाई में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। नियमित आयात के कारण घरेलू बाजार में दालों की उपलब्धता भी बेहतर बनी हुई है। इन परिस्थितियों को देखते हुए आने वाले दिनों में कीमतों में नरमी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

चावल और चीनी पर भी निगरानी

सरकार ने दालों के साथ चावल और चीनी के कारोबार पर भी निगरानी बढ़ा दी है। 6 नवंबर 2026 से व्यापारियों और मिलर्स के लिए बासमती, गैर-बासमती चावल, टूटे चावल और धान के स्टॉक की जानकारी हर सप्ताह देना अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं, नए चीनी सीजन के दौरान 15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक डीलरों के लिए अधिकतम 1,000 क्विंटल या 15 दिन की खपत के बराबर स्टॉक रखने की सीमा निर्धारित की गई है। इन कदमों के जरिए सरकार खाद्य वस्तुओं की जमाखोरी रोकने, बाजार में पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने और आम उपभोक्ताओं को महंगाई से राहत पहुंचाने की कोशिश कर रही है।

कारोबारियों के साथ समीक्षा बैठक

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की सचिव निधि खरे ने बड़े खुदरा कारोबारियों, आयातकों, मिलर्स और व्यापारियों के साथ बैठक कर दालों की उपलब्धता, आपूर्ति और कीमतों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों के बाद दालों की कीमतों में बढ़ोतरी का कोई औचित्य नहीं है। सरकार ने कारोबारियों से कहा है कि मंडियों में दाम घटने का लाभ खुदरा बाजार के जरिए आम उपभोक्ताओं तक भी पहुंचना चाहिए।

हैदराबाद में आयोजित भारत समिट में सरकार पर साधा निशाना

राहुल गांधी बोले- 2014 में हमने बिल्कुल अलग चुनाव देखा, विपक्ष सदमे में था...

किया दावा, हम पीएम मोदी को हराने और सत्ता से हटाने जा रहे हैं

नई दिल्ली/संचार जगत



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को तेलंगाना के हैदराबाद में भारत समिट को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने साल 2014 के लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया।

राहुल गांधी ने कहा, 2014 में हमने एक बिल्कुल अलग तरह का चुनाव देखा। ऐसा कुछ जो हमने पहले कभी नहीं देखा था। राजनीतिक व्यवस्था में भारी मात्रा में पैसा झोंक दिया गया। चुनावी व्यवस्था में अक्सर कड़े मुकाबले और गठबंधन देखने को मिलते थे, वह अचानक पूरी तरह बदल गई। अगर मैं कहूं कि विपक्ष सदमे में था, तो यह गलत नहीं होगा। भारतीय राजनीति में एक दशक तक यह संकट बना रहा। और फिर अचानक, हमें पता चला कि असल में क्या हो रहा था। हमने इसे समझा और बिना किसी संदेह के यह साबित कर दिया कि 2014 में भारत में लोकतंत्र को नष्ट कर दिया गया था।

राहुल ने कहा, मैं आपको अभी पूरे भरोसे के साथ बता सकता हूं कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने जा रहे हैं और उन्हें सत्ता से हटाने जा रहे हैं। आप इसे देख भी सकते हैं। आप इसे हमारी सड़कों पर देख सकते हैं, दिल्ली में देख सकते हैं। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के चेहरे पर दिख रहे डर में भी देख सकते हैं। यह अब तय हो चुका है।

गिग वर्कर्स के लिए किया बड़ा ऐलान

हैदराबाद में राहुल गांधी ने तेलंगाना गिग वर्कर्स सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजना के लॉन्च कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार गिग वर्कर्स को 5 लाख का दुर्घटना बीमा और 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराएगी। इसके साथ ही गिग वर्कर्स को उनके काम और कमाई से जुड़े डेटा तक पहुंच मिलेगी। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने पहले तेलंगाना के गिग वर्कर्स से मुलाकात की थी। उस दौरान कर्मचारियों ने उन्हें अपनी परेशानियों और समस्याओं के बारे में बताया था। आज हम अपना वह वादा पूरा कर रहे हैं।

फोन टैपिंग के आरोप पर पित्रोदा ने बनाई राहुल गांधी से दूरी

नई दिल्ली, आरएनएन। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने राहुल गांधी के फोन टैपिंग के आरोप से अलग रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद किसी का फोन टैप नहीं करते। हालांकि, पित्रोदा ने दावा किया कि उनका फोन टैप किया जा रहा है, लैपटॉप पर हमले हो रहे हैं और बैंक खाते निगरानी में हैं। पित्रोदा ने कहा, पीएम ऐसा नहीं करते। पीएम स्क्रूड्राइवर लेकर कंप्यूटर पर नहीं बैठते। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों ने उनके उपकरणों की जांच के बाद उन्हें फोन टैपिंग के बारे में चेतावनी दी थी। हालांकि, उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि इसके पीछे किसका हाथ है। दरअसल, राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री उनके फोन की जासूसी कराते हैं।

टैक्स बार एसोसिएशन का स्टडी सर्किल एवं दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास से संपन्न

संचार जगत

अलवर। टैक्स बार एसोसिएशन, अलवर द्वारा द रिवाज रिसॉर्ट, अलवर में स्टडी सर्किल मीटिंग एवं दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के सदस्यों ने उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यावसायिक ज्ञान का आदान-प्रदान करने के साथ-साथ आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं मेल-मिलाप को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन नैंसी अग्रवाल एवं अर्पित अग्रवाल द्वारा प्रभावशाली एवं आकर्षक अंदाज में किया गया। कार्यक्रम में आयोजित तकनीकी सत्र में प्रथम वक्ता CA महेश जैन जी ने जीएसटी के नवीनतम संशोधनों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

वहीं द्वितीय वक्ता CA अजय सिंघल जी ने आयकर अधिनियम के अंतर्गत सर्च प्रकरणों में मूल्यांकन प्रक्रिया एवं विभिन्न महत्वपूर्ण प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। दोनों वक्ताओं ने विषय से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी एवं व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी देते हुए उपस्थित सदस्यों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर एसोसिएशन की ओर से दोनों अतिथि वक्ताओं, कार्यक्रम संयोजकों एवं मंच संचालकों को स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्तिक एवं नितिन द्वारा शानदार लाइव म्यूजिक परफॉर्मेंस प्रस्तुत की गई, जिसने समारोह में चार चांद लगा दिए।

संगीत एवं दीपावली के उल्लासपूर्ण वातावरण में सभी सदस्यों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। इसके पश्चात हाई टी एवं स्नेह मिलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता चैतन्य बाखरेड़िया एवं CA अपूर्वा गोयल रहे। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता चंद्रप्रकाश गुप्ता, सचिव CA विपिन जैन एवं कोषाध्यक्ष CA प्रमोद कुमार गाबा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

पतंजलि फूड्स का मुनाफा 19% घटकर 420 करोड़ रुपए हुआ

नई दिल्ली। पतंजलि फूड्स लिमिटेड का चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में कंसॉलिडेटेड शुद्ध मुनाफा19 प्रतिशत घटकर 419.76 करोड़ रुपए रह गया। हालांकि, इस दौरान कंपनी की कुल आय में बढ़ोतरी दर्ज की गई। पिछले वित्तवर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 516.69 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

सॉफ्टबैंक ने मीशो के 1.65 प्रतिशत शेयर 1,885 करोड़ रुपए में बेचे

नई दिल्ली, आरएनएन। ई-कॉमर्स कंपनी मीशो के शेयरों में सोमवार, 16 नवंबर को उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। इसकी वजह जापान की निवेश कंपनी सॉफ्टबैंक ग्रुप की ओर से कंपनी में हिस्सेदारी बेचना है। सॉफ्टबैंक ने मीशो की 1.65 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,885.17 करोड़ रुपए में बेच दी है। इस सौदे के बाद भारतीय ई-कॉमर्स क्षेत्र में सॉफ्टबैंक का निवेश और घट गया है। एनएसई के ब्लॉक डील आंकड़ों के मुताबिक, सॉफ्टबैंक की सहयोगी कंपनी एसवीएफ द्वितीय मीरकट (डीई) एलएलसी ने मीशो के 7.64 करोड़ शेयर बेचे। इनका औसत बिक्री मूल्य 246.75 रुपए प्रति शेयर रहा।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।